आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :310 पृष्ठ -4 दिनांक 12 नबम्बर 2024 दिन मंगलवार

# नौकरशाही में हुआ बड़ा उलटफेर, दस आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले, दो अधिकारी कर दिए गए सस्पेंड

## यूपी में चल रहे उपचुनावों के बीच नौकरशाही में बड़ा बदलाव हुआ



उत्तर प्रदेश के दस आईएएस अधिकारियों के रविवार को तबादले कर दिए गए। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले प्रतीक्षारत कर दिया गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है।इसी तरह रवि रंजन से उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम और यूपी एग्रो के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी ले ली गई है। यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपा. रेशन के पद पर वह यथावत रहेंगे। राज्य पर्यटन विकास निगम के एमडी पर प्रतीक्षारत चल रहीं सान्या छाबड़ा को भेजा गया है। वहीं नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की विशेष सचिव व जल निगम की संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या से ये विभाग लेकर यूपी एग्रो का एमडी बनाया गया है।खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव और विधिक बांट–माप विज्ञान के नियंत्रक प्रभाष कुमार को नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) दिया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी को नगर विकास विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आगरा मंडल में अपर आयुक्त डॉ. कंचन सरन को राज्य महिला आयोग का सचिव बनाया गया है। दो अधिकारी सस्पेंड उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय और उन्नाव के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिल माथुर को सस्पेंड कर दिया गया है। स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में गड़बड़ियां सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है। बताते हैं ये गड़बड़ियां उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष मनोज सिंह के कार्यकाल में हुई थी। इसलिए रविवार को शासन ने उन्हें भी अपर मुख्य सचिव वन के पद से हटाते हुए प्रतीक्षारत कर दिया है।वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजशेखर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सचिव पद, पीएम कृषि सिंचाई योजना के स्टेट नोडल आफिसर और उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम का चार्ज ले लिया गया है। अब उनके पास उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक का पद रह गया है। उनसे लिए गए विभागों की जिम्मेदारी प्रमुख सचिव सिंचाई एवं संसाधन अनिल गर्ग को सौंपी गई है।

## यूपी में ईवी चार्जिग स्टेशनों का जाल बिछाने जा रही योगी सरकार

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार उत्तर प्रदेश के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए लगातार अनेक कदम उठा रही है और इसी कड़ी में अब उत्तर प्रदेश को ईवी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम सरकार उठाने जा रही है. उत्तर प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करके न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी बल्कि परिवहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ाएगी.यूपी में योगी सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाने जा रही है. इसके लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) की स्थापना की गई है. उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों तथा शहरी क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन लगवाएगी. इसके साथ ही यूपी के सभी एक्सप्रेस वे जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे पर भी चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी में है. सरकार ईवी चार्जिंग को लेकर मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है. यूपीआरईवी के तहत राज्य के सभी प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय राज्य राजमार्गों और सभी शहरी क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन की स्थापना करेगी.ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को




विकसित कर सरकार की कोशिश है कि इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो. इसमें चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञ, इंजीनियरों और स्थानीय लोगों को काम पर लगाया जा रहा है, जिससे और लोगों को रोजगार मिल सके.

## CM योगी को सता रहा PDA का डर, दे रहे बेतुके बयान , सपा सांसद अवधेश प्रसाद का BJP पर हमला

उत्तर प्रदेश में भले ही नौ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हो रहे हों लेकिन सियासी बयानबाजी का दौर विधानसभा चुनाव की तरह जारी है. पोस्टर वार के बाद नेताओं में जुबानी जंग तेज हो गई है. इस बीच फैजाबाद सीट से सांसद और समाजवादी पार्टी नेता अवधेश प्रसाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बड़ा जुबानी हमला बोला है.सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि बीजेपी आरक्षण खत्म करना चाहती है. साथ ही उन्होंने सीएम योगी के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के समाजवादी पार्टी पर आक्रामक रवैये पर फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि, एक महीने से सीएम योगी आदित्यनाथ को समाजवादी पार्टी और पीडीए का इतना डर सता रहा है कि वह सोच ही नहीं पा रहे हैं कि वह क्या बयान दे रहे हैं. कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी हमेशा संघर्ष करती रही है.सीएम योगी से किया विशेष अनुरोध अवधेश प्रसाद ने आगे कहा कि, भाजपा की मंशा है कि आरक्षण को खत्म कर दिया जाए लेकिन उनके ये इरादे पूरे नहीं होंगे. पीडीए इसके लिए पूरी तरह से तैयार है. शायद इसीलिए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी पर बेतुके बयान देते हैं, लेकिन प्रदेश में केवल सपा और पीडीए ही ऐसी हैं जो जनता के मुद्दों, लोगों के सम्मान और प्रदेश व देश के विकास के बारे में सोचती हैं. भाजपा की डबल इंजन सरकार के कारण जो जंगल राज आया है, उसके बारे में सोचने की उनकी मंशा नहीं है. इसलिए मैं उनसे एक मुख्यमंत्री के आचरण का पालन करते हुए बोलने का अनुरोध करता हूं.

## आयोग के बाहर प्रदर्शन कर रहें प्रतियोगी छात्रों पर लाठीचार्ज, भारी पैमाने पर पुलिस फोर्स तैनात

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक और आरओ–एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन की तैयारी के मद्देनजर जिला प्रशासन और आयोग प्रशासन में खलबली मच गई है। इसको देखते हुए सोमवार को सुबह से ही भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।आयोग की तरफ बढ़ रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इससे छात्रों की भीड़ में भगदड़ मच गई। पूरे जिले की फोर्स को मौके पर बुला ली गई है। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने छात्रों के ऊपर बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों में भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्राएं भी आंदोलन में पहुंची थीं। लाठीचार्ज के बाद छात्र तितर बितर हो गए। मौके पर पीएसी और पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां बुला ली गई हैं। प्रतियोगी छात्र एक ही मांग पर अड़े हैं कि पीसीएस और आरओध्एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराई जाए। एक्स पर 'हैशटैग यूपीपीएससी आरओध्एआरओ वनशिफ्ट' नाम से चलाए गए अभियान को 2.40 लाख अभ्यर्थियों ने अपना समर्थन दिया। हालांकि, इतने व्यापक विरोधा के बा. वजूद आयोग ने शाम को दोनों ही परीक्षाएं दो दिन कराए जाने का निर्णय ले लिया। इसके बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है।पीसीएस और आरओ–एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के यूपीपीएससी के फैसले के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू कर दिए हैं। वहीं आयोग दो दिन परीक्षा कराने पर अड़ गया है। परीक्षा प्रदेश के 44 जिलों में कराई जानी है। इसके लिए आयोग ने सभी जिलाधिकारियों की बैठक 21 नवंबर को बुलाई है, इसमें आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा व आरओध्एआरओ प्रा. रंभिक परीक्षा एक दिन में कराने और नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) की प्रक्रिया निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र आंदोलन कर रहे हैं। उनके ऊपर लाठीचार्ज भी किया गया। बावजूद इसके छात्र डंटे हुए हैं। प्रतियोगी छात्रों के धरने में यूपी समेत दिल्ली, एमपी, बिहार, उत्तराखंड व अन्य राज्यों से अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। अभ्यर्थियों की ओर से घोषित धरना–प्रदर्शन के मद्देनजर आयोग परिसर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

### यूपी में ब्लाइंड डेट पर गए लल्लू चौबे को बनाया बंधक, परिवार से मांगी 3 लाख की फिरौती

उत्तर प्रदेश के ललितपुर में हनीट्रैप का हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां पहले तो एक 50 साल के शख्स को बातों में फंसाकर ब्लाइंड डेट पर बुलाया गया, जिसके बाद आरोपियों ने उसे बंधक बना लिया और परिवार से तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी. पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एनडीटीवी की खबर के मुताबिक ललितपुर जनपद में रहने वाले 50 साल के लल्लू चौबे के पास एक महिला का फोन आया, जिसके बाद दोनों की बीच बातें होने लगीं. इसके बाद महिला ने लल्लू चौबे को ब्लाइंड डेट के लिए झांसी बुलाया. लल्लू चौबे महिला की बा. तों में आ गए और उससे मिलने के लिए झांसी चले गए. इसके बाद महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें बंधक बना लिया और परिवार से तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी. ब्लाइंड डेट पर बुलाकर बनाया बंधकपरिवार को जब ये बात पता चली तो उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई. परिजनों ने पुलिस में शिकायत की, जिसमें बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और एक पुलिस कांस्टेबल को लल्लू चौबे का बेटा बनाकर फिरौती की रकम देने के लिए भेजा. जिसके बाद उसने कहा कि वो अपने पिता को देखने के बाद ही पैसे देगा. आरोपी जब उसे वहां ले गए जहां उन्होंने लल्लू चौबे को रखा था, जिसके बाद पुलिस की टीम भी उनका पीछा करते हुए पहुंच गई और कार्रवाई करते हुए उन्हें बंधकों से छुड़ा लिया. पुलिस ने इस मामले में एक महिला किरण (35) समेत अखिलेश अहिरवार (30) और सतीश सिंह बुंदेला (27) तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इस बारे में जानकारी देते हुए ललितपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने कहा कि चौबे ने कुल फिरौती की रकम में से 1 लाख रुपये का का भुगतान पहले ही कर दिया था. इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और उनके गिरोह में कौन–कौन शामिल हैं इसकी जांच की जा रही है.

## यूपी का मौसम 11 नवंबर जनता को कड़ाके की ठंड का इंतजार

यूपी का मौसम 11 नवंबररू उत्तर प्रदेश की जनता कड़ाके की ठंड का बेसब्री से इंतजार कर रही है। प्रदेश में दीवाली के बाद से हल्की–फुल्की ही ठंड पड़नी शुरू हुई है। इस समय प्रदेश के जिलों में रातें हल्की सर्द और दिन के समय ठीकठाक धूप हो रही है। हालांकि कई जगहों पर सुबह के धुंध और कोहरे का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मौसम अभी साफ रहने वाला है, लेकिन दो दिन बाद से न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है।मौसम वैज्ञानिक मो. दानिश की माने तो प्रदेश में अभी गुलाबी सर्द ही रहने की संभावना जताई गई है। अभी कोई पश्चिमी विच्छोभ सक्रिय नहीं हुआ है। प्रदेश में 11 नवंबर को मौसम साफ रहने की बात कहीं जा रही है। हालांकि इस अवधि में प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में सुबह के समय छिछले से मध्यम कोहरा पड़ने की संभावना जताई गई है।ऐसे ही 12, 13 और 14 नवंबर को भी प्रदेश में मौसम साफ रहने के साथ ही दोनों हिस्सों में सुबह के समय कहीं–कहीं पर छिछला से मध्यम कोहरा छाने के आसार हैं। इसी तरह 15 नवंबर को धुंध और छिछला कोहरा छा सकता है। साथ ही 16 नवंबर को सुबह के समय सिर्फ धुंध छाने की संभावना है।वहीं प्रदेश के तापमान में अभी ज्यादा कोई बदलाव न होने की संभावना है, लेकिन आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान मे गिरावट आने के आसार जताए गए हैं। इसके चलते कई जिलों में रात को कड़ाके की ठंड की शुरुआत हो जाएगी।मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अयोध्या में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

## अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा पूरी, रामनगरी में पहुंचे लाखों श्रद्दालु और टूट गए सभी रिकॉर्ड



अयोध्या की चौदह कोसी परिक्रमा रविवार को पूरी हो गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के भाग लेने का अनुमान लगाया गया है. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार अयोध्या के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र विजय सिंह ने बताया कि परिक्रमा रविवार को शुभ समय के अनुसार पूरी हुई और पिछले सभी रिकॉर्ड टूट गए जिसके तहत अनुमानित 30 से 35 लाख भक्तों ने भाग लिया. उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर सुचारू आयोजन किया और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. शुभ समय से शुरू हुई परिक्रमा के लिए देर रात से भीड़ जुटनी शुरू हो गई, कई भक्तों ने उत्साहपूर्वक "जय श्री राम" के जयकारे लगाए और उन्होंने 42 किलोमीटर का रास्ता केवल पांच घंटे में तय कियाअधिकारियों ने बताया कि भग. वान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में सरयू नदी में पवित्र स्नान करने के बाद लाखों श्रद्धालुओं ने कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार शाम को चौदह कोसी परिक्रमा शुरू की. बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद रातभर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरीक्षण करते देखे गए. अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए रातभर उच्चाधिकारी भी मेला क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ जुटे रहे. अब तक मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के द्वारा परिक्रमा किये जाने की उम्मीद जताई जा रही है. यह पहला मौका है कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के भव्य मंदिर समेत पांच हजार से अधिक मंदिरों की श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की है.पूरे परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न संगठनों की तरफ से जलपान की व्यवस्था कराई गई. चौदह कोसी परिक्रमा के महत्व को देखते हुए बड़ी संख्या में बाहरी श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे. मंडल के जिलों के अलावा बहराइच, सीतापुर, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोंडा, प्रयागराज समेत अन्य जिलों समेत नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचे. कुछ श्रद्धालु अभी 12 नवंबर को पंचकोसी (15 किलोमीटर) परिक्रमा करने के बाद ही लौटेंगे.

# गाजियाबाद में वकीलों का हल्ला बोल, हापुड़ रोड किया जामय मौके से पुलिस नदारद

## गाजियाबाद में वकीलों ने रोड किया जाम, पश्चिमी यूपी में कई जिलों में प्रदर्शन

गाजियाबाद जिला कोर्ट में हुई घटना के बाद गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के वकील भी सड़कों पर उतर आए। कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। सड़क को भी जाम कर दिया। वकीलों ने हर दिन दो घंटे के लिए प्रदर्शन का एलान किया है।गाजियाबाद जिला जज की अदालत में 29 अक्तूबर को किए गए लाठीचार्ज के विरोध में आज से 22 जिलों के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। जहां एक तरफ गाजियाबाद में वकीलों ने हापुड़ रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान वकील सड़कों पर बैठ गए। अधिवक्ताओं का दो घंटे रोड जाम कर प्रदर्शन समाप्त हो गया है।इसके अलावा लाठीचार्ज के विरोध में मुरादाबाद के वकील भी अनिश्चितक. ालीन हड़ताल पर चले गए हैं। मुरादाबाद में वकीलों ने सोमवार को प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दिया। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का



सामना करना पड़ा।ग्रेटर नोएडा के सूर. जपुर स्थित जिला अदालत के अधिवक्ताओं ने सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन कर सड़क जाम किया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं की यह हड़ताल गाजियाबाद में एक वकील पर हुए हमले के विरोध में है। इस घटना को लेकर वकीलों में आक्रोश है और जिला जज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।न्ब्रू गाजियाबाद में वकीलों ने रोड किया जाम, इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जिला अदालत के अधिवक्ताओं ने सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन कर सड़क जाम किया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं की यह हड़ताल गाजियाबाद में एक वकील पर हुए हमले के विरोध में है। इस घटना को लेकर वकीलों में आक्रोश है और जिला जज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।जानकारी के लिए बता दें कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के अधिवक्ता सोमवार से हड़ताल पर हैं। जिला जज अनिल कुमार को हटाए जाने की मांग की जा रही है। अधिवक्ता रोज दोपहर 12 से दो बजे तक कचहरी के बाहर सड़क भी जाम करेंगे। इसी मुद्दे पर अधिवक्ताओं ने 16 को महापंचायत भी बुलाई है।गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़ और आगरा मंडल के जिले गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, नोएडा, बुलंदशहर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अमरोहा और मुरादाबाद

गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज मामले में वकील सड़कों पर उतर आए हैं। हापुड़ रोड को वकीलों ने जाम कर दिया है और जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे वकील सड़कों पर बैठ गए हैं। वहीं पुलिस मौके से नदारद है।

समेत 22 जिलों के अधिवक्ता एकजुट होकर इस आंदोलन को चला रहे हैं।पश्चिम उत्तर प्रदेश खंडपीठ स्थापना संघर्ष समिति से जुड़ी इन 22 जिलों की बार के पदाधिकारियों ने गाजियाबाद कचहरी में बैठक करके इसका निर्णय लिया था। गाजियाबाद बार एसोसिएशन इस आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। जिला जज को हटाए जाने तक यह आंदोलन न केवल जारी रहेगा बल्कि दिन प्रतिदिन तेज होता रहेगा। अगर वकीलों की मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन का दायरा और बढ़ा दिया जाएगा।

## गढ़ गंगा मेले के लिए हर आधे घंटे में मिलेगी बस, रोडवेज बढ़ाएगा 250 गाड़ियों के फेरे

गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि मुख्य स्नान 14 और 15 नवंबर को है। इससे पहले श्रद्धालु गढ़ और अनूपशहर के लिए जाते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 12 नवंबर से बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाएंगे।कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जाने के लिए गाजियाबाद रीजन के कौशांबी, बुलंदशहर, हापुड़, खुर्जा बस अड्डा पर हर आधे घंटे में बस मिलेगी। यह बसें 12 नवंबर से 16 नवंबर तक चलेंगी। इस दौरान रोडवेज कुल 250 बसों के फेरे बढ़ाएगा। गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि मुख्य स्नान 14 और 15 नवंबर को है। इससे पहले श्रद्धालु गढ़ और अनूपशहर के लिए जाते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 12 नवंबर से बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाएंगे।इनमें लोनी–15, साहिबाबाद– 15, कौशांबी– 30, गाजियाबाद– 40, साहिबाबाद– 35, बुलंदशहर– 40, कौशांबी– 30, हापुड़– 45 की बसें चलेंगी। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर बस अड्डा से स्याना–अनूपशहर–गढ़, कौशांबी बस अड्डा सेमुरादनगर–मोदीनगर–हापुड़–गढ़, गाजियाबाद और मोहननगर बस अड्डा से गढ़, हापुड़ और खुर्जा बस अड्डा से अनूपशहर–गढ़ के लिए यात्रियों को बस मिलेगी।

## टूट रहा बुखार का प्रकोप, 40 पहुंचा डेंगू पीड़ितों का आंकड़ा

एटा। मौसम में उतार–चढ़ाव के साथ सर्दी–जुकाम एक बार फिर जोर पकड़े हुए है। वायरल व मलेरिया के रोगियों के साथ ही डेंगू लोगों की चिंता बन गया है। जिले में डेंगू पीड़ितों का आंकड़ा 40 पर पहुंच गया है।संक्रामक रोग न फैलें इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां जोरों पर की थीं। गांव में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराने के साथ एंटी लार्वा दवा डलवाई गई, लेकिन 3 माह से बुखार का प्रकोप फैला हुआ है। उसके आगे तैयारियां नाकाम नजर आ रहीं हैं। डेंगू और मलेरिया के मामले लगातार आ रहे है। इससे डेंगू के मरीजों की संख्या 40 पर जा पहुंची है। इसमें एलाइजा की जांच के 33 और 7 एंटीजन कार्ड से हैं। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी की बात करें तो यहां शनिवार को सुबह 9 से रविवार की दोपहर 2रु30 तक 11 मरीज बुखार के पहुंचे। इनको मेडिसिन वार्ड सहित इम. रजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। बनाए गए थे

हॉट स्पॉट स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जून माह में जिले में शहर से लेकर देहात तक हॉट स्पॉट बनाए थे। विभाग ने गांव व मोहल्ले चिह्नित किए थे। जहां बीते वर्षों से लगातार डेंगू व मलेरिया के मरीज आ रहे थे। यहां स्वास्थ्य शिविर पहले से ही लगवाए गए। इसके अलावा दवा के छिड़काव के साथ साफ–सफाई भी कराई गई, लेकिन हॉट स्पॉट बने गांव व शहर के मोहल्लों में भी डेंगू के मामले पाए जा रहे हैं।

### कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता, पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों से भी ये बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या–क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी कहा कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायीप्रतिबंध लगाने पर फैसला करे।सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध के उसके आदेश को गंभीरता से न लेने के लिए दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया और महज दिखावा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से उसके आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि बिना ला. इसेंस के कोई भी पटाखों का उत्पादन और उनकी बिक्री न कर सके। श्कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देताश सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि श्ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच. ाती है।श जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा।दिल्ली पुलिस कमिश्नर को हलफनामा दाखिल करने का निर्देशदिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। हालांकि इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे छूटे और पटाखों पर प्रतिबंध का या तो बहुत कम या कई जगहों पर बिल्कुल प्रभाव नहीं पड़ा। इस पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर क्या–क्या कदम उठाए गए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने सिर्फ कच्चा माल जब्त करके महज दिखावा किया। पटाखों पर प्रतिबंध को गंभीरता के साथ लागू नहीं किया गया।अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों से भी ये बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या–क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी कहा कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर श्स्थायीश प्रतिबंध लगाने पर फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के प्रति भी नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आपने पटाखों पर प्रतिबंध का एलान देरी से क्यों किया। कोर्ट ने कहा कि जब तक सरकार ने एलान किया तब तक हो सकता है कि लोगों ने पटाखे खरीदकर रख लिए होंगे। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। बीते हफ्ते दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई इंडेक्स 400 के पार चला गया था। यह बेहद गंभीर श्रेणी का प्रदूषण है।

## टॉफी का लालच देकर सात साल की बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म, बेहोश होने पर भाग निकले दरिंदे

मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने सात साल की मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि दो युवकों ने बहला फु. सलाकर बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग सन्न रह गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल दो अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहे हैं। उनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पीड़िता की दादी ने पुलिस को बताया कि उसकी सात वर्षीया पोती रविवार की शाम को पांच बजे बरात देखने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद वह गांव के ईदगाह के पीछे निर्वस्त्र अवस्था में पाई गई। पानी के छींटे मारने के बाद होश में आने पर उसने घटना के बारे में जानकारी दी तो परिजनों के होश उड़ गए। बच्ची के अनुसार गांव कि मुहल्ले के ही रहने वाली नीरज सोनकर उर्फ खुर्जा पुत्र अखिलेश सोनकर और मोहित सोनकर पुत्र बाबू सोनकर ने टॉफी देने का लालच देकर उसे ईदगाह के पीछे ले गए और उसके साथ गलत काम किया।

## गुमशुदगी–अपहरण मामले में क्राइम ब्रांच का एक्शन, NCR में रेड कर तीन बच्चियों को किया बरामद

दिल्ली क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज–2 टीम ने तीन नाबालिग लड़कियों को बरामद कर लिया है. बच्चियों के परि. जनों ने गुमशुदगी–अपहरण की अलग–अलग एफआईआर भजनपुरा थाने में दर्ज कराई थी. क्राइम ब्रांच ने दिल्ली–एनसीआर के अलग अलग इलाकों में छापा मारकर बच्चियों को बरामद किया. बच्चियों की बरामदगी होने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने राहत की सांस ली है. पहला मामला– भजनपुरा इलाके से 7 नवंबर को 11 साल की लड़की लापता हो गयी थी. परिजनों ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया. पुलिस ने 8 नवंबर को मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी. क्राइम ब्रांच ने मोबाइल नंबरों की छानबीन की. बच्ची की तलाश में कई लोकेशन पर दबिश भी दी गयी. हेड कॉन्स्टेबल पूजा कुमारी ने बच्ची के 5 पुस्ता में मौजूदगी की सूचना दी. क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज–2 टीम ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया. दूसरा मामला–



भजनपुरा के गोमती रोड से 2 नवंबर को 13 साल की लड़की अचानक लापता हो गयी. गुमशुदगी–अपहरण की जानकारी के आधार पर पुलिस ने 3 नवंबर को मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की. सर्च ऑपरेशन के दौरान बच्ची आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर मिली. क्राइम ब्रांच ने बच्ची को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया. तीसरा मामला–उत्तरी घोंडा से 15 साल की लड़की अचानक लापता हो गयी. काफी तलाश के बाद भी परिजनों को बच्ची नहीं मिली. थक हारकर परिजनों ने 6 नवंबर को भजन. पुरा पुलिस से गुहार लगायी. 7 नवंबर को गुमशुदगी–अपहरण की जानकारी के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी. आखिरकार क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज–2 टीम ने नाबालिग बच्ची को शास्त्री पार्क के बस स्टैंड से बरामद कर लिया. बरामदगी के बाद तीनों नाबालिग लड़कियों को भजनपुरा थाने ले आया गया. जांच अधिकारी के सुपुर्द तीनों बच्चियां हैं. मामले की जांच आगे जारी है.

## अतिक्रमण न हटने से नाराज ग्रामीण धरने पर बैठे

झरेखापुर (सीतापुर)। हरगांव के कल्ला. पुर गांव में अतिक्रमण की शिकायत के बाद भी प्रशासन की कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीण रविवार को धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलते ही राजस्व व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कार्रवाई करते हुए दूसरे समुदाय का कब्जा हटा दिया।गांव में एक चबूतरा बना है। जहां हिंदू समुदाय के लोग पूजा पाठ करते हैं। पास में ही एक कुआं भी है। आरोप है कि इब्राहिम ने चबूतरे के पास ही पक्की नींव भरकर कब्जा कर लिया था। आधे कुएं पर भी नींव भर दी गई थी। ग्रामीणों ने एसडीएम सदर से मामले की शिकायत की थी लेकिन राजस्व टीम ने कोई कार. 'वाई नहीं की।मौके पर कोई जांच के लिए नहीं आया। रविवार को आक्रोशित ग्रामीण कार्रवाई न होने से नाराज होकर धरने पर बैठ गए। जानकारी राजस्व व पुलिसकर्मियों को हुई। मौके पर तहस. 'ीलदार सदर विनोद सिंह व सीओ सदर संजीव त्यागी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझा–बुझाकर शांत किया। एसडीएम सदर अभिनव यादव ने बताया कि धार्मिक स्थल से कब्जा हटवा दिया गया है।

## ताजमहल देखने पहुंचे आगरा डीएम को कर्मचारी ने डपट लिया

आगरा जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी के साथ ताजमहल पार्किंग कर्मचारी ने बदसलूकी कर दी। अपनी गाड़ी पार्क करने के लिए जब जगह मांगी तो कर्मचारी ने जिलाधिकारी से कहा, जहां जगह मिल जाए, वहां गाड़ी पार्क कर दो। मगर जब उन्होंने उसके आईडी कार्ड और यूनिफार्म के बारे में पूछा तो कहने लगा 'चचा आप अपने काम से काम रखो। इंटरनेशनल पर्यटन स्थल पर कर्मचारी का इस तरह का बर्ताव देखकर जिलाधिकारी को बहुत बुरा लगा। उन्होंने स्थानीय पुलिस को बुलाया। इसके बाद फिर जो हुआ वो चर्चा बन का विषय बन गया।दरअसल, जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पैदल वॉक करते हुए अपने निवास एमजी रोड से फतेहाबाद रोड ताजमहल की पूर्वी गेट की पार्किंग तक पहुंच गए। वो क्रीम कलर का पुलओवर और ब्लैक कलर का हाफ पैंट पहने थे। वो लंबी वॉक करते हुए 7 बजे तक शिल्पग्राम से पूर्वी गेट की पार्किंग पर पहुंचे। जहां उन्होंने पर्यटकों की लंबी लाइन लगी देखी।ऑनलाइन बुकिंग विंडो बंद मिली। इसके बाद उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के लिए अपनी गाड़ी मंगवाई। गाड़ी में कोई अर्दली और सुरक्षाकर्मी नहीं था। खुद गाड़ी लेकर पार्किंग पर पहुंच गए। पार्किंग पर खड़ा कर्मचारी नाइट ड्रेस में था। जब उन्होंने गाड़ी पार्क करने के लिए कहा कि तो कर्मच. ारी ने हाथ से पर्ची बनाई और गाड़ी कहीं भी खड़ी करने के लिए बोल दिया। जिलाधिकारी ने पार्किंग का स्पेस पूछा तो कहा कहीं भी गाड़ी खड़ी कर दो। आईडी कार्ड देखने के लिए कहा तो बोला चचा अपने काम से काम रखो।डीएम ने दिए सुधार के निर्देश जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने बताया कि उन्होंने पार्किंग स्थल पर कई अव्यवस्थाएं देखीं। टॉयलेट सेंसर बेस्ड नहीं था। हैंडीकैप पर्यटकों के लिए व्हीलचेयर लेकर खड़े होने वाला व्यक्ति अलग–अलग चार्ज कर रहा था। कर्मच. ारी ने यूनिफॉर्म भी नहीं पहनी थी। इसके अलावा बूम गेट लगवाने और गोल्फ कार्ट पर नंबर डलवाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ये भी पता करना है कि ताजमहल पर चलने वाली गोल्फ कार्ट कितनी है। संख्या लिखने से उनकी जानकारी हो सकेगी। पार्किंग पर एयरपोर्ट की तरह सिस्टम लगाया जाए, जिससे गाड़ी पर एक स्लिप लगे। जिस पर पार्किंग प्लेस लिखा हो। हाथ से पर्चियां काटने में काफी समय व्यर्थ होता है।डीएम का बयान जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने सोमवार को बताया कि वे सुबह ताजमहल के पार्किंग स्थल शिल्पग्राम का जायजा लेने गए थे। कर्मचारियों से पूछताछ की गई थी। उन्हें किसी ने चचा शब्द नहीं बोला ये बात गलत है।

# अलीगढ़ में BJP नेता के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप, कार्यकर्ताओं ने थाने में काटा बवाल

उत्तर प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहीं दूसरी ओर डबल इंजन की सरकार में भाजपाइयों को अपनी ही सरकार में प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है. अलीगढ़ में दर्जनों भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों की सह पर झूठा मुक. दमा लिखवाने का आरोप लगाया है. भा. जपाइयों ने जब कोतवाली नगर थाने का घेराव शुरू किया तो मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं थे. काफी देर बाद प्रदर्शनकारियों ने आश्वासन पर धरना समाप्त किया.

दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के थाना कोतवाली नगर का है जहां विनय वार्ष्णेय नाम के भाजपा नेता के साथ सुरक्षा की दृष्टि से एक सुरक्षा कर्मी भी तैनात किया गया है. भाजपा नेता पर रंगदारी व चौथ मांगने का आरोप एक युवक ने लगाया था. जिस पर पुलिस ने विनय वार्ष्णेय पर ही मुकदमा लिख दिया गया. जिससे आक्रोशित भाजपा ने. ताओं ने थाने का घेराव किया और अधिकारियों की सह पर झूठा मुकदमा लिखने का आरोप लगाया.बीजेपी नेता ने पुलिस ने दबाव में लिखा मुकदमा



भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने बताया गया पिछले 28 तारीख को मेरे ऑफिस के नीचे एक अक्सीडेंट हुआ. जिसमें एक लड़का बुरी तरह से घायल हो गया, जब मेरे गनर और मैंने उससे हालचाल जानना चाहा तो वह भड़क गया और कहने लगा कि तुम मेरा हाल चाल क्यों पूछ रहे तो तुम यहां के चौकी के सिपाही हो और मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ा. भाजपा नेता ने बताया कि मुझे पूरा विश्वास है कि षड्यंत्र रचा गया था. मेरे गनर को बातों में लगवाकर मेरे ऊपर वो अटैक करवाना चाहते थे.फिर उसके 1 घंटे बाद ही यहाँ पर वो एक तहरीर लेकर आए जिसमें कहा गया कि मैंने लात मारकर उस गाड़ी को गिरा दिया और गाड़ी को गिराकर मैंने मारा, मेरे गन्नर ने मारा, बटों से मारा, उसके बाद में 940 रुपये मेरे गनर ने उसकी जेब से लूट लिए गए. ये मेरे ऊपर आरोप लगे. आरोप लगने के बाद में जब पुलिस ने उस वीडियो को संज्ञान लिया. वीडियो देखी मेरे ऑफिस की उस वीडियो में सारी चीजें क्लियर हो गई कि मैंने ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया था.

पुलिस ने मेरे सुरक्षाकर्मी की तरफ से एक मुकदमा उस व्यक्ति के ऊपर लिख दिया. फिर 10 दिन बाद में सीओ के हस्तक्षेप से मेरे ऊपर एक मुकदमा किया गया जिसमें मुझपे आरोप लगाया गया है कि मैं 20,हजार रुपये महीने उससे डीजल के लिए मांग रहा हूँ. मेरे ऊपर जाति सूचक एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा लिखा गया है. मेरे ऊपर अवैध वसूली का मुकदमा लिखा गया है. आज पूरे शहर के लोगों के मेरे पास फोन आये है. हम सभी लोग थाने पर अपनी गिरफ्तारी देने आए हैं.

मामले पर क्या बोलें अधिकारी? पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय के द्वारा बताया गया थाना कोतवाली नगर का एक प्रकरण संज्ञान में जिस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर एक युवक द्वारा तहरीर दी गई जिसके आधार पर थाना कोतवाली नगर पर अब मुकदमा पंजीकृत किया गया था. आज इनके प्रतिवादीगण आज थाना कोतवाली नगर पर लगभग 60–70 की संख्या में आये थे. उनका अपना पक्ष रखने के लिए जिनको समझा बुझाकर थाने से घर भेज दिया है.

### आदर्श आचार संहिता के कारण मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन स्थगित

अलीगढ़ (जननायक सम्राट)परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने अवगत कराया है कि जिले की खैर विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन के दृष्टिगत 19 नवंबर से 03 दिसंबर तक होने वाली मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन आदर्श आचार संहिता के कारण स्थगित कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि नि. विदादाताओं एवं प्रदर्शनी कमेटी के समक्ष 12 नवंबर को मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योग प्रदर्शनी की खोली जाने वाली अति अल्पकालीन निविदाएं अब नहीं खोली जायेगी। मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी आयोजन की आगामी अवधि एवं प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि स्थान एवं समय से समाचार पत्रो के माध्यम से पृथक से सूचित किया जायेगा।

## समलैंगिक एप से फंसाया एएमयू छात्र अश्लील वीडियो बनाकर धमकाया, मुकदमा दर्ज, चार गिरफ्तार

अलीगढ़ (जननायक सम्राट)एएमयू छात्र का अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वीडियो वायरल करते की धमकी देकर 50 हजार रुपये मांगे। आरोपियों ने एटीएम कार्ड का पासवर्ड पूछकर 12 हजार रुपये भी निकाल लिए। आरोपियों ने समलैंगिक एप के जरिये छात्र को झांसे में लिया था।बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्र ने बताया कि वह एएमयू के एक स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। सात नवंबर को जकरिया मार्केट स्थित नाले की पुलिया के पास से उसे दो व्यक्ति जबरन बहला–फु. सलाकर ले गए। एक शाहरुख व दूसरा हाफिज नाम पुकार रहा था। एक कमरे में ले गए, जहां छात्र को नग्न करते हुए उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने की कोशिश की।विरोध करने पर गाली–गलौज करते हुए डंडे से पीटा।



इसी दौरान कमरे में दो व्यक्ति और आए। इनमें से एक सगीर नाम का युवक वीडियो बना रहा था। दोनों ने भी उसे पीटा। वीडियो वायरल की धमकी देते हुए उसे ब्लैकमेल किया और 50 हजार रुपये मांगे। फिर बैंक के एटीएम कार्ड का पासवर्ड पूछकर 12 हजार रुपये निकाल लिए।सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक रितेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर निशात बाग निवासी सगीर, जाकिर नगर गली नंबर 19 निवासी हफीज, जौहराबाग निवासी शाहरुख व धौर्रा माफी निवासी जकी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के पास से 3,390 रुपये बरामद हुए हैं। चारों लोग डेढ़ माह से ग्रिंडर एप के माध्यम से समलैंगिक लोगों को झांसे में लेकर ब्लैकमेल करते थे। छात्र को भी इसी एप पर फंसाया गया था। आरोपियों के फोन से कुछ और वीडियो मिले हैं। इसके बारे में जानकारी की जा रही है।

## टमाटर–लहसुन के बाद अब प्याज में लगा महंगाई का तड़का, बिक रही 70 से 80 रूपये प्रति किलो



अलीगढ़ (जननायक सम्राट)सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण महाराष्ट्र और एमपी से आने वाली प्याज की फसल खराब हो गई है। इसके अलावा अब सहालग भी है। जिसके कारण प्याज मांग बढ़ गई है। धनीपुर मंडी में पिछले तीन दिन से प्याज की आवक कम हो गई है।टमाटर और लहसुन के बाद अब प्याज की कीमतों में भी महंगाई का तड़का लग गया है। अलीगढ़ में प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलो (फुटकर) के हिसाब से बिक रहा है। जबकि लहसुन का दाम 400 रुपये किलो से भी ऊपर चला गया है। अलीगढ़ की मंडी में पहले हर रोज 300 टन प्याज आ रहा था मगर अब आवक घटकर केवल 100 टन रह गई है। कारोबारियों का कहना है कि महीने के अंत में जब प्याज की नई फसल बाजार में आएगी तभी कीमतों में गिरावट आ सकती है।धनीपुर मंडी स्थित थोक सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण महाराष्ट्र और एमपी से आने वाली प्याज की फसल खराब हो गई है। इसके अलावा अब सहालग भी है। जिसके कारण प्याज मांग बढ़ गई है। धनीपुर मंडी में पिछले तीन दिन से प्याज की आवक कम हो गई है। पहले मंडी में रोजाना 300 टन प्याज उतरता था। जो अब केवल 100 टन ही रह गया है। जिसके कारण खुदरा बाजार में प्याज की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। कारोबारियों ने बताया कि अभी इसके दाम फुटकर में 100 तक जा सकते हैं। महीने के अंत तक जब बाजार में नया प्याज आएगा तभी दामों में गिरावट आ सकती है।।सपहंतीरू टमाटर–लहसुन के बाद अब प्याज में लगा महंगाई का तड़का, बिक रही 70 से 80 रुपये प्रति किलो सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण महाराष्ट्र और एमपी से आने वाली प्याज की फसल खराब हो गई है। इसके अलावा अब सहालग भी है। जिसके कारण प्याज मांग बढ़ गई है। धनीपुर मंडी में पिछले तीन दिन से प्याज की आवक कम हो गई है।टमाटर और लहसुन के बाद अब प्याज की कीमतों में भी महंगाई का तड़का लग गया है। अलीगढ़ में प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलो (फुटकर) के हिसाब से बिक रहा है। जबकि लहसुन का दाम 400 रुपये किलो से भी ऊपर चला गया है। अलीगढ़ की मंडी में पहले हर रोज 300 टन प्याज आ रहा था मगर अब आवक घटकर केवल 100 टन रह गई है। कारोबारियों का कहना है कि महीने के अंत में जब प्याज की नई फसल बाजार में आएगी तभी कीमतों में गिरावट आ सकती है।धनीपुर मंडी स्थित थोक सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण महाराष्ट्र और एमपी से आने वाली प्याज की फसल खराब हो गई है। इसके अलावा अब सहालग भी है। जिसके कारण प्याज मांग बढ़ गई है। धनीपुर मंडी में पिछले तीन दिन से प्याज की आवक कम हो गई है। पहले मंडी में रोजाना 300 टन प्याज उतरता था। जो अब केवल 100 टन ही रह गया है। जिसके कारण खुदरा बाजार में प्याज की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। कारोबारियों ने बताया कि अभी इसके दाम फुटकर में 100 तक जा सकते हैं। महीने के अंत तक जब बाजार में नया प्याज आएगा तभी दामों में गिरावट आ सकती है।

महाराष्ट्र और एमपी में प्याज की फसल बारिश से खराब हो गई है। नई प्याज आने में अभी बाजार में थोड़ा समय लगेगा। इसके चलते प्याज थोक में 60 रुपये किलो बिक रही है। लहसुन भी काफी महंगा है।–रूपकिशोर सैनी, थोक कारोबारी

मंडी में प्याज की आवक कम हो गई है। पहले 300 टन प्याज रोजाना आती थी, जो 100 टन के करीब ही रह गई है। इसके अलावा सब्जियों के दाम तो कम ही हैं। फुटकर में काफी ज्यादा हैं।–देवेश यादव, थोक कारोबारी

फुटकर बाजार में 70 से 80 रुपये किलो तक प्याज बिक रहा है। प्याज पर अभी और तेजी आ सकती है। छोटा प्याज थोड़ा सस्ता भी बिक रहा है। चाइना का लहसुन फुटकर में 400 रुपये किलो तक है।–शादाब, सब्जी कारोबारी

बाहर से आने वाली सब्जियां भी महंगी कारोबारियों ने बताया कि थोक में टमाटर समेत अन्य सब्जियों के दाम अब नीचे आ रहे हैं। सीजन की सब्जियां काफी सस्ती हैं। लेकिन, बाहर से आने वाली सब्जियां महंगी हैं। बाहर से गाजर, तोरई, अदरक, नींबू, अरबी, आलू, प्याज, लहसुन आ रहा है।

# देव दीपावली महोत्सव 15 नवंबर को, होगा 111111 दीपों का दीपदान

देव दीपावली महोत्सव में बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे। इसके बाद सभी दीप जलाए जाएंगे और मंदिर के महाआरती घाट से बाबा महाकाल की महाआरती बनारस की तर्ज पर होगी।प्रा. चीन सिद्धपीठ श्री गिलहराज हनुमान मंदिर अचलताल पर 19वां देव दीपावली महोत्सव 15 नवंबर को मनाया जाएगा। महंत योगी कौशलनाथ ने बताया कि इस बार एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह दीपों का दीपदान होगा उन्हा. ेंने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में बाबा महाकाल की झांकी एवं जनप्रति. निधि व प्रशासनिक अधिकारी होंगे। बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे। इसके बाद सभी दीप जलाए जाएंगे और मंदिर के महाआरती घाट से बाबा महाकाल की महाआरती बनारस की तर्ज पर होगी। इसमें 21 समाजसेवी संस्थाओं के लगभग 450 से अधिक कार्यकर्ता श्रमदान करेंगे। कार्यक्रम वर्चुअल प्रसारण मंदिर की फेसबुक आईडी से किया जाएगा। 9 नवंबर को हुई प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से कृष्ण चंद्र शास्त्री, अमित सोनी, सुवीर रॉय, डॉ मुकेश शर्मा, कल्पना पंडित, रुचि गोटेवाल, सौरभ वार्ष्णेय, सैंकी पंडित और मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।

### 16 वी ऑल इंडिया ओपन रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप 2024 शिमला द्वारा आयोजित




उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,हरियाणा ,दिल्ली हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था। अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के सचिव प्रदीप रावत ने बताया उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभा किया था जिसमें बालिका वर्ग इनलाइन स्केट्स अंडर 15 वर्ग शॉर्ट रेस में कल्याणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनलाइन स्केट्स बालक वर्ग अंडर 13 लॉन्ग रेस में हिमांशु धनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनलाइन स्केट्स अंडर 13 में टाइम ट्रायल में तीन राउंड 34 सेकंड पूर्ण कर हर्षित वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनलाइन स्केट्स अंडर 15 वंश भारद्वाज शॉर्ट रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनलाइन स्केट्स अंडर 15 टाइम ट्रायल तीन राउंड में 36 पूर्ण कर सुधांशु वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर–19 लॉन्ग रेस में दीपक गौतम प्रथम स्थान पर रहे हैं। क्वार्ट्ज स्केट अंडर 11 में शॉर्ट रेस में कुनाल प्रथम स्थान पर रहे हैं। अंडर 13 क्वार्ट्ज स्केट्स टाइम ट्रायल में तीन राउंड 36 सेकंड में पूर्ण कर योग कुमार प्रथम स्थान पर रहे हैं। अंडर 15 क्वार्ट्ज स्केट्स आदित्य ठाकुर लॉन्ग रेस में प्रथम स्थान पर रहे हैं। प्रतियोगिता में तीन इवेंट कराऐ गए थे। जिसमें खिलाड़ी किसी भी एक इवेंट में प्रतिभा कर सकता था। प्रतियोगिता में टाइम ट्रायल, शॉर्ट रेस और लॉन्ग रेस में खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था। प्रतियो. गिता का आयोजन पवन अग्रवाल ने किया था। प्रतियोगिता में अलीगढ़ के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया।अलीगढ़ स्केटिंग संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक विवेक बंसल ने सभी खिलाड़ीयों और कोच प्रदीप रावत को हार्दिक बधाई दी अलीगढ़ आने पर सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। हार्दिक बधाई देने में जिला ओलंपिक संघ के महासचिव मजहर अल कमर, प्रबंधक संजय कुमार गोयल प्रधानाचार्या रचना गुप्ता स्केटिंग खो–खो संघ की सचिव डॉ नीलम पाराशर ,कीड़ा भारती के मंत्री डॉ शंभू दयाल रावत, जॉइंट सेक्रेटरी रिंकू दिक्षित और राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता राहुल भाटी , कोच वंशिका चौहान ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

## अंतर विद्यालय जिला ताइक्वांडो ब्लॉसम्स स्कूल ने जीती प्रतियोगिता, ब्लॉसम्स ग्लोबल स्कूल बना उप विजेता

अलीगढ़ के ब्लॉसम्स ग्लोबल स्कूल में हुई अंतर विद्यालय जिला स्तरीय ताइ. क्वांडो प्रतियोगिता ब्लॉसम्स स्कूल ने जीत ली। दूसरे स्थान पर मेजबान ब्लॉसम्स ग्लोबल स्कूल रहा।10 नवंबर को स्कूल और अलीगढ़ मार्शल आर्ट्स एकेडमी के बैनर तले हुई प्रतियोगिता में हमजा इमरान अहमद, मोहम्मद हसन, मोहम्मद सारिम, मोहम्मद माज, मोहम्मद रजीन, जुनैद खान, सैयद अल्माज अहमद, मोहम्मद अफ्फान, अबान खालिद, मोहम्मद अदल, आहिल अजीज, अम्मार अहमद, भुवनेश कुमार, मुबस्सिर आलम, दिव्या तोमर, मोहम्मद अयानोल हक, मोहम्मद उमर, मोहम्मद शफकत, आशिर खान, अशरफ रजा, मोहम्मद अय्यूब, हमजा मोहम्मद रहमत, मोहम्मद तैयब, कैसरजहां, अलिश्बा अल्ताफ, नबीहा, ऋषभ, मोहम्मद हसन सलीम, तहरीम खान, ऋषभ, यशवंत चौहान, अबान अख्तर, साद सिद्दीकी, अजीम उल इस्लाम, आशाज शेरवानी, हर्षित चौधरी, जैद नजर, फरीदा फरीद, अलीना नजर ने स्वर्ण पदक जीता।मोहम्मद सारिम




निजामी, मनीष कुमार, रमीज शबाब, अब्दुल रहीम, फैसल खान, मोहम्मद अली, मदील खान, हसन खान, मोहम्मद अयान शाहिद, अलहम्द चौधरी, मोहम्मद उवैस, अजलान आतिफ, मुजफ्फर अली खान, हमदान अली, वंशिक, मोहम्मद खिजर, मोहम्मद अजान शेख, मोहम्मद फराज अली, वाजिद अजहर, उम्मे हानी, मोहम्मद यासिर, गौरव कुमार, अल्तमश ने रजत पदक जीता।

# भुने हुए चने छिलके सहित खाने से होते हैं गजब के फायदे, इन बीमारियों से तुरंत मिलेगी राहत

भुने हुए छोले, जिन्हें भूना चना भी कहा जाता है. कई घरों में एक लोकप्रिय नाश्ता है. जो एक कुरकुरा और पौष्टिक डाइट है. जबकि ज्यादातर लोग खाने से पहले छिलका हटा देते हैं. हाल के रिसर्च में यह बात साबित हो चुकी है कि भुने हुए छोले को छिलके सहित खाना आपके स्वास्थ्य के लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकता है. छिलका जिसे अक्सर फेंक दिया जाता है. पोषक तत्वों का खजाना होता है जो पाचन स्वास्थ्य. चयापचय दर और समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है. यहां बताया गया है कि भुने हुए छोले को छिलके सहित खाना काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. इसे डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए. पाचन और चयापचय दर को बढ़ाता हैभुने हुए चने की बाहरी त्वचा एक प्राकृतिक भूसी (रफेज) की तरह काम करती है. जो पाचन को बढ़ाने में सहायता करती है. फाइबर से भरपूर, त्वचा चयापचय दर को तेज करने, मल त्याग में सुधार करने और पाचन को आसान बनाने में मदद करती है. उच्च चयापचय दर न केवल वजन घटाने में सहायता करती है बल्कि शरीर में बेहतर पोषक तत्वों के अवशोषण में भी योगदान देती है.छिलके के साथ चने बेहतर परिसंचरण को बढ़ावा देकर और शरीर कोडिटॉक्सीफाई करके उच्च कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. फैटी लीवर वाले लोगों के लिए, यह फाइबर युक्त त्वचा हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, लीवर के कार्य और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकती है.कब्ज से राहत दिलाता हैछिलके के साथ भुने हुए चने खाने का सबसे उल्लेखनीय लाभ पाचन पर इसका सकारात्मक प्रभाव है, खासकर कब्ज से पीड़ित लोगों के लिए. चने की त्वचा में फाइबर की मात्रा मल को नरम करने में मदद करती है. जो मल त्याग को आसान बनाती है और कब्ज की परेशानी को रोकती है. यह आंतों को उत्तेजित करता है और नियमितता को बढ़ावा देता है, जिससे यह कब्ज और बवासीर जैसी स्थितियों के लिए एक प्राकृतिक उपचार बन जाता है.मधुमेह प्रबंधन का समर्थन करता है मधुमेह से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए, आहार में छिलके सहित भुने हुए चने को शामिल करना अत्यधिक लाभकारी हो सकता है. फाइबर युक्त छिलका शर्करा चयापचय को नियंत्रित करने और इंसु. लिन उत्पादन में सुधार करने में मदद करता है. जिससे रक्त शर्करा को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने में मदद मिलती है. नियमित सेवन रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि को रोकने में मदद कर सकता है, जिससे यह मधुमेह के प्रबंधन के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बन जाता है. रक्त शर्करा को नियंत्रित करने के अलावा, चने के छिलके में मौजूद फाइबर मधुमेह से जुड़ी पाचन समस्याओं जैसे कि कब्ज को कम करने में भी मदद कर सकता है. इसके अलावा, यह स्वस्थ को. शिकाओं और न्यूरॉन्स को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे समग्र दीर्घका. लिक स्वास्थ्य का समर्थन होता है.पोषक तत्वों से भरपूर भुने हुए चने का छिलका न केवल फाइबर का स्रोत है, बल्कि



एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और खनिजों से भी भरपूर है. ये पोषक तत्व त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने और शरीर की प्राकृतिक विषहरण प्रक्रियाओं का समर्थन करने के लिए मिलकर काम करते हैं. यह सु. निश्चित करने का एक आसान और किफायती तरीका है कि आपको पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता मिल रहा है.चुरल तरीके से वजन कम करने में फायदेमंद जबकि भुने हुए छोले पहले से ही एक पौष्टिक नाश्ता हैं, उन्हें छिलके सहित खाने से और भी ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं. पाचन में सुधार और मधुमेह को नियंत्रित करने से लेकर वजन घटाने और डिटॉक्सिफिकेशन में सहायता करने तक, छोले का फाइबर युक्त छिलका पोषण का एक पावरहाउस है। चाहे आप पाचन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हों. अपने कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करना चाहते हों, या बस एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहते हों, अपने दैनिक आहार में छिलके सहित भुने हुए छोले को शामिल करना आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका हो सकता है.छिलके वाले चने में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है. इसके कारण छिलके सहित भुने हुए छोले वजन प्रबंधन में भी सहायता कर सकते हैं। फाइबर आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है. जिससे आप ज्यादा खाने और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों को खाने से बच जाते हैं। इसके अतिरिक्त, फाइबर पाचन को नियंत्रित करने और सूजन को रोकने में मदद करता है, जिससे यह कुछ पाउंड कम करने की चाह रखने वाले लोगों के लिए एक आदर्श नाश्ता बन जाता है.

## सिर्फ पांच साल तक खा लें ये खास फल, फैट तो आसपास भी नहीं फटकेगा

पेट और कमर के आसपास जमी चर्बी लुक को भद्दा बनाने का काम करती है. आजकल ज्यादातर लोगों में इसकी समस्या देखी जा रही है. अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो सिर्फ 5 साल तक नियमित तौर पर अंगूर खाएं. इस फल में इतनी ज्यादा ताकत है कि यह लाइफटाइम फैट को आपके आसपास भी फटकने नहीं देगा.पसंदीदा मौसमी फलों में अंगूर का नाम भी आता है. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर अंगूर न सिर्फ शरीर में कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल, ब्लड प्रेशर नॉर्मल करता है, बल्कि मोटापा और चर्बी को भी दूर रखता है. आइए जानते हैं इसके फायदे.5 साल खाएं अंगूर, दूर रहेगी चर्बी अंगूर प्रोसेस्ड फूड्स से फैट और शुगर को बाहर निकालने में मदद करते हैं और फास्ट फूड्स के साइड इफेक्ट्स से लड़ता है. इस रसदार फल में कई फायदेमंद केमिकल्स भरे होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करते हैं और सूजन को कम करते हैं. इसे खाने से हार्ट अटैक और कैंसर का खतरा भी कम होता है. वेस्टर्न न्यू इंग्लैंड यूनिवर्सिटी के एक रिसर्च में खुलासा हुआ है कि कम से कम 5 साल तक अंगूर खाने से न्यूरॉन फंक्शन को बढ़ाता है, अल्जाइमर से सेफ्टी मिलती है और फैट हमेशा के लिए खत्म हो सकता है. अंगूर फैटी लिवर रोकने में मददगार एक अन्य अध्ययन के अनुसार, अंगूर मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर कैलोरी बर्न करने में मदद करता है. खासतौर पर अल्जाइमर और गैर–अल्कोहल फैटी लीवर बीमारी  को रोकने में मदद कर सकते हैं. रिसर्च के हेड डॉ. पेजुटो का कहना है कि अंगूर लाइफ को भी बढ़ाती है. इसे डाइट में शामिल करने से जीन प्रॉब्लम्स कंट्रोल होती हैं, ऑक्सीडेटिव डैमेज रुकता है, फैटी एसिड मेटाबॉलिज्म में सुधार आता है. ज्यादा फैट वाली चीजें खाने पर भी अंगूर शरीर में फैट जमा नहीं होने देता है.

## बाल दिवस पर अपनों को भेजे ये शुभकामना संदेश, बचपन की यादें हो जाएंगी ताजा

देश में हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है. देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों में चाचा नेहरू के रूप में लोकप्रिय थे और उनके जन्मदिन को ही बाल दिवस के रूप में मनाया जाता हैबाल दिवस यानी बच्चों का दिन. यूं तो बाल दिवस हर देश में अलग अलग तारीखों को मनाया जाता है. भारत में बच्चों के प्यारे कहे जाने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन यानी 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है.पंडित नेहरू को बच्चों से बहुत प्रेम था और इसलिए उनको चाचा नेहरू भी कहा जाता था. हर साल  14 नवंबर को देश भर के स्कूलों में तरह तरह के कार्यक्रम और आयोजन होते हैं. इसमें बच्चे बहुत प्यार से भाग लेते हैं और बच्चों को गिफ्ट भी दिए जाते हैं.देखा जाए तो बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके विकास के लिए काम करने को प्रोत्साहन देना है. समाज में हर बच्चे को बराबर मौका मिले और उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास को बढ़ावा मिले. पहली बार बाल दिवस देश में 1964 में मनाया गया था.  इस मौके पर आप भी अपने दोस्तों और परिचितों को बधाई संदेश भेजना चाहते हैं तो यहां दिए गए मैसेज और कोट्स ले सकते हैं. बच्चों की मुस्कान में बसती है खुशी की दुनिया. बाल दिवस की हार्दिक शुभक. ामनाएं.ये दिन हर साल मनाएंगे हम, अपने बच्चों को दुनिया दिखाएंगे हम. बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.नन्हें हाथों में बड़े सपने, और उन सपनों को पूरा करने की उम्मीद.बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.बच्चे ही हैं सबसे सच्चे, बच्चे हैं इस देश का भविष्य, उनकी आंखों में है उन्नति का सपना, हर कोई है इनका अपना. बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.इस बाल दिवस पर, सभी बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर काम करें.बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.बच्चों के खिलखिलाते चेहरे ही जीवन की असली खुशी हैं. बाल दिवस की हार्दिक शुभक. ामनाएं.हर एक बच्चा है देश की जान, हर बच्चा है देश का अभिमान, उनका भविष्य सुधारेंगे, उनको हम ही निखारेंगे. बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.हर बच्चा खास है, हर बच्चे में छिपी है एक नई आशा. बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.

## रशियंस ने पीएम मोदी के लिए बनाया ये खास केक, जानें ऐसा ड्राई केक बनाने की आसान रेसिपी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ठत्ै समिट में शामिल होने के लिए आज रूस पहुंचे. कजान शहर के एयरपोर्ट पर उतरते ही रशियन प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी को लड्डू और केक परोस कर उनका गर्मजा. शी से स्वागत किया. रूसियों ने पीएम मोदी के लिए खासतौर पर ड्राई फ्रूट्स का केक बनवाया था. आपको बता दें कि ड्राई फ्रूट्स का केक बहुत ही शानदार केक है. इसे बनाने का तरीका आसान है और ये सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद होता है. चलिए आज आपको बताते हैं ड्राई फ्रूट केक बनाने की आसान रेसिपी ड्राई फ्रूट केक बनाने के लिए क्या क्या चाहिए दही – आधा कप मैदा – एक कप एक चौथाई कप गाढ़ा दूध थोड़ा सा बेकिंग पाउडर
बेकिंग सोडा दो चम्मच मिल्क पाउडर एक चम्मच वनीला एसेंस दो से तीन चम्मच सभी तरह के ड्राई फ्रूट्स कतरे हुए थोड़े से बादाम की कतरन  आधा कप घी  आधा कप चीनी पिसी हुई जरा सा नमक ड्राई फ्रूट केक बेहद आसान है. सबसे पहले मैदा को एक कांच के बर्तन में छान लीजिए. अब इसी बर्तन में मिल्क पाउडर,बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लीजिए.अब इस मिक्सचर में थोड़ा सा नमक डाल दीजिए. अब एक दूसरा बर्तन लीजिए और उसमें दही डालिए. इसके बाद इसमें पिसी हुई चीनी और घी एड कर लीजिए.इसे अच्छे से मिक्स कर लीजिए. अब इस बर्तन में मैदा और मिल्क पाउडर का मिक्सचर थोड़ा थोड़ा करके डालें और चलाते रहिए. अब इसी बाउल में ऊपर से दूध डालें और अच्छी तरह मिक्स करते रहें.इस तरह एक गाढ़ा पेस्ट तैयार हो जाएगा. अब इसमें वनीला एसेंस की कुछ बूंदें डालिए. पेस्ट को इस तरह ब्लेंड करना है कि



इसमें किसी भी तरह की गांठ नहीं होनी चाहिए.जब पेस्ट रेडी हो जाए तो इसके ऊपर बारीक कटे हुए ड्राई फ्रूट डालिए और मिक्स कर लीजिए. अब एक बेकिंग टिन में घी लगाकर इसे चिकना कर लीजिए. इसमें तैयार किया हुआ मिक्सचर डालें और अच्छी तरह सेट कर दें.इसके बाद ऊपर से बादाम की कतरन डालें और गार्निश करें. अब प्रीहीट किए गए ओवन में 180 डिग्री सेल्सियस पर इस टिन को आधा घंटे के लिए बैक करने के लिए रख दीजिए. आधे घंटे में आपका केक तैयार हो जाएगा. ओवन से निकाल कर सर्व करें.

## शरीर के अंदर ही मिल गई कैंसर होने की वजह, ये देख साइंटिस्ट भी हैरान

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है. इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन हाल ही में एक नए रिसर्च में पता चला है कि कैंसर  की वजह शरीर के अंदर ही होती है. ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने पाया कि कैंसर होने का कारण कोशिकाओं के अंदर क्छ। में बदलाव होता है.इस रिसर्च के अनुसार, हममें से कई लोगों के शरीर में मौजूद सर्कुलर त्छ। हमारी को. शिकाओं के डीएनए से चिपक सकते हैं और डीएनए में बदलाव का कारण बन सकते हैं, जिससे कैंसर होता हैअगर ऐसा सचमुच होता है तो कैंसर के इलाज में ये रिसर्च मददगार हो सकता है. इस रिसर्च को गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने जन्म के समय उन बच्चों के ब्लड सैंपल की तुलना की, जिनमें बाद में ल्यूकेमिया हुआ और ऐसे बच्चे जो बाद में हेल्दी रहें. इसमें पाया गया कि जिन बच्चों में ल्यूकेमिया हुआ उनमें एक खास गोलाकार आरएनए का लेवल अधिक था. इससे पता चलता है कि कोशिकाओं में इन गोलाकार आरएनए की मात्रा इसमें अहम रोल निभा सकती है कि कुछ जीन कैंसर पैदा करने वाले म्यूटेसन डेवलप करते हैं.कैंसर में गोलाकार त्छ। का रोल रिसर्च में पाया गया कि सर्कुलर आरएनए सेल्स में खास पॉइंट पर डीएनए से जुड़ते हैं, जिससे डीएनए टूट सकता है, जबकि कोशिकाएं आ. मतौर पर डीएनए टूटने की मरम्मत कर सकती हैं, ये मरम्मत अक्सर पूरा नहीं होता है. मरम्मत के दौरान छोटी–छोटी गलतियां भी म्यूटेशन का कारण बन सकती है. जब गोलाकार आरएनए इसमें शामिल होते हैं, तो वे और भी प्रभावित कर सकते हैं. अगर दो अलग–अलग जगहों के डीएनए गलत तरीके से फ्यूजन करते हैं, तो इससे जीन फ्यूजन हो सकता है जो सामान्य कोशिका को कैंसर की चपेट में ला देता है.

## घर पर बनाएं होटल जैसी बटर खिचड़ी, उंगलियां चाटते रह जाएंगे घर के लोग

अगर आप भी घर पर सिंपल खिचड़ी खाकर बोर हो गए हैं, तो यह खबर आपके लिए है. अब आप कम समय में टेस्टी चटाकेदार बटर खिचड़ी बनाकर रेडी कर सकते हैं. आज हम आपको इसकी ऐसी रेसिपी बताएंगे, जिसे फॉलो कर आप कुछ स्पेशल और नया खा सकते हैं. बटर खिचड़ी एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई पसंद करता है. ऐसे में अगर आप भी स्पेशल और लाजवाब डिश बनाना चाहते हैं, तो

इस खास रेसिपी को फॉलो कर लें. बटर खिचड़ी बनाने के लिए सामाग्री घर पर टेस्टी और यूनिक बटर खिचड़ी बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी. जैसे 1 कप मूंग दाल, 1 कप चावल, 2–3 बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1 इंच कद्दूकस किया हुआ अदरक, 1 छोटा चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग, 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2–3 बड़े चम्मच घी, ताजी बारीक कटी धनिया पत्ती और नींबू का रस इन सभी सामग्री की मदद से आप घर पर स्पेशल बटर खिचड़ी बना सकते हैं. टेस्टी बटर खिचड़ी बनाने का तरीका टेस्टी बटर खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले आपको मूंग की दाल और चावल दोनों को अच्छी तरह साफ पानी से दो से तीन बार धोना होगा. इसके बाद आप थोड़ी देर के लिए इन दोनों चीजों को पानी में भिगोकर रख दें. अब भिगोई हुई दाल को और चावल को कुकर में डाल दे.इसके बाद कुकर में हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और बाकी अपनी स्वाद अनुसार मसाले डाल दें.
इसमें पानी की मात्रा थोड़ी ज्यादा होनी चाहिए. जब कुकर से तीन या चार सिटी आ जाएं, तब तक आप एक पैन में घी गर्म करें. इसमें जीरा और हींग डाल दें. जब जीरा अच्छी तरह तड़क जाए, तो इसमें हरी मिर्च और कद्दूकस किया हुआ अदरक डाल दें. आप अगर चाहे तो इसमें बारीक कटे प्याज या टमाटर भी डाल सकते हैं. अब आप सभी भुने हुए मसाले को कुकर में डाल दे और इसे अच्छी तरह मिला लें.इन चीजों का रखें ध्यान अब इस खिचड़ी को एक बाउल में निकालें और इसमें बारीक कटी धनिया पत्ती और नींबू का रस डालकर इसे सर्व कर सकते हैं. अगर आप अपनी खिचड़ी को और ज्यादा स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब से कुछ सब्जियों डाल सकते हैं.अगर आप दही पसंद करते हैं, तो खिचड़ी के साथ दही भी सर्व कर सकते हैं. अगर आप इस खिचड़ी के टेस्ट को बढ़ाना चाहते हैं, तो ऊपर से घी या मक्खन भी डाल सकते हैं. इससे आपकी खिचड़ी और ज्यादा स्वादिष्ट लगेगी.

**आवश्यकता है**
**हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।**
**सम्पर्क करें –**
**अमित कुमार वर्मा –संम्पादक**
**मौः–8218049162,8273402499**

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
**मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित**
**सम्पादक–अमित कुमार वर्मा**
**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा**